दिन– शुक्रवार दिनांक– 19 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मोतिहारी, बेतिया, पटना और खगड़िया में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, किशनगंज और बेगूसराय सहित कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – जीएसटी की दरों में कमी से ट्रैक्टर और अन्य मशीनें काफी सस्ती हो जायेंगी।

03. निर्वाचन आयोग ने छह सालों से चुनाव नहीं लड़ने वाली चार सौ चौहत्तर पार्टियों को राजनीतिक दलों की सूची से हटाया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप की विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों को दस–दस लाख रूपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। आज पटना समेत कई जिलों में तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतिहारी में सबसे अधिक बयासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, बेतिया में छप्पन दशमलव आठ और पटना में इकतालीस मिलीमीटर बारिश हुई है। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कई घंटे हुई बारिश से निचले इलाकों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

–––रिपोर्ट–––

इधर, खगड़िया से हमारे सवांददाता ने बताया है कि बारिश से शहर के कई प्रमुख स्थानों पर जलजमान की स्थिति बनी हुयी है।

–––रिपोर्ट–––

खगड़िया जिला में हुई भारी बारिश के बाद शहर के निचले इलाकों में कई फीट तक पानी भर जाने से बाढ़ जैसे हालात बन आए हैं। वहीं परबत्ता, गोगरी, बेलदौर और खगड़िया के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में भी नदियों के जलस्तर में वृद्धि से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले दो दिनों में हुई भारी बारिश से खगड़िया अनुमंडल कार्यालय और वाणिज्य कर कार्यालय समेत शहर के कई प्रमुख सड़कों पर जल जमाव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन से जल निकासी की मांग की है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

पश्चिम चंपारण में लगातार हो रही बारिश और गंडक बराज से छोड़े गए पानी के कारण नौतन बैरिया प्रखंड के मंगलपुर काला भगवानपुर व शिवराजपुर पंचायत के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। सारण से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज हुई बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

———रिपोर्ट———

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मशीनरी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि वे किसानों को ट्रैक्टर और अन्य खेती के उपकरणों पर बाईस सितंबर से जीएसटी छूट उपलब्ध करायें। श्री चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीएसटी दर को बारह या अठारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने से ट्रैक्टर और मशीनरी काफ़ी सस्ती हो जाएगी।

———बाइट———

रियल टाइम में सीधे 22 सितम्बर से किसानों को घटी हुई जीएसटी दरों का लाभ मिले और यह लाभ छोटा—मोटा नहीं है, बहुत बड़ा है। जैसे ट्रैक्टर की बात अगर हम करें तो 35 एचपी का जो ट्रैक्टर है, उसपर 41 हजार रुपया कम होंगे, 41 थाउजेंड। तो ऐसे ट्रैक्टर छोटे से लेकर बड़े पर ही यह लाभ 23 हजार रुपए से लेकर 63 हजार रुपए तक है।

---

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जीएसटी की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

परामर्श के अनुसार विर्निमाताओं, पैकेर्स और आयातक 22 सितंबर से पहले विनिर्मित और बिना बिके पैकेज पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगा सकते हैं। लेकिन पैकेज पर पहले से छपा अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट दिखना चाहिए। मंत्रालय ने परामर्श में जीएसटी संशोधन लागू होने से पहले की पैकेजिंग सामग्री या रैपर के अगले वर्ष मार्च तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक उपयोग की अनुमति दी है। परामर्श में ये भी कहा गया है कि कंपनियां नया स्टिकर लगाकर या पैकेट के किसी उपयुक्त स्थान पर प्रिंट कर अधिकतम खुदरा मूल्य सही कर सकते हैं। सरकार ने डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जीएसटी दरों के बारे में सूचित करने के लिए विनिर्माताओं, पैकर्स, आयातकों को समुचित उपाय को करने को कहा है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित सभी संभव संचार माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि उद्योगों पर अनुपालन का अधिक बोझ न पडे। जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। आनंद कुमार के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापार सुगमता बढ़ाने में नवीनतम जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर लिखा एक

लेख साझा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि रोज़मर्रा के खाद्य पदार्थों और पैकेजिंग पर दरें कम होने से किराने का सामान ज़्यादा किफ़ायती हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही किसान सशक्त होंगे और भारत की वैश्विक खाद्य प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा।

---

निर्वाचन आयोग ने छह सालों से चुनाव नहीं लड़ने वाले चार सौ चौहत्तर पार्टियों को राजनीतिक दलों की सूची से हटा दिया है। इन पार्टियों ने दो हजार उन्नीस से एक भी चुनाव नहीं लड़ा है, जिसके कारण आयोग ने यह निर्णय लिया है। आयोग ने पिछले महीने भी तीन सौ चौंतीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। इस तरह आयोग अबतक पिछले दो महीनों में आठ सौ आठ पार्टियों को सूची से बाहर कर चुका है। आयोग ने बताया कि तीन सौ उनसठ ऐसे पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में निर्धारित समय अवधि में अपने वार्षिक लेन–देन जमा नहीं किए हैं। ये देश भर के तेईस विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने चुनाव आयोग पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की है। आज पटना में संवाददाताओं से बात करते हुए, श्री प्रसाद ने राहुल गांधी पर तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाये गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। श्री चौधरी ने आज पटना में कहा कि लोकतंत्र को कुचलने वाली पार्टी की ओर से एक संवैधानिक संस्था पर तथ्यहीन आरोप लगाना शोभा नहीं देता।

———बाइट———

---

सेवा और सुशासन अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में आज हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उनके जीवन स्तर में सुधार किया है।

–––रिपोर्ट–––

भारत में विविध जनजातियां रहती हैं। इनकी संख्या 10 करोड़ 45 लाख से ज़्यादा है। जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 8 दशमलव 6 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, जनजातीय समुदायों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण उनका सशक्तिकरण हुआ है। सरकार द्वारा शुरू की कई प्रमुख योजनाओं में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्यों का बजट 2013–14 से अब पाँच गुना तक बढ़ गया है। प्रधानमंत्री जन जाति आदिवासी न्याय अभियान विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के लिए न्याय, सम्मान और उत्थान का एक शक्तिशाली मिशन बन गया है। साथियों आदिवासी कल्याण हमेशा से एनडीए सरकार की प्राथमिकता रहा है। जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई इस पर हमारी सरकार का बहुत जोर है। यह पहल 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 75 समुदायों के जीवन में बदलाव ला रही है। इससे 47 लाख से अधिक जनजातीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के लिए 24 हज़ार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 17 विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य तथा शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और आजीविका के अवसर प्रदान करके 63 हजार से अधिक गांवों में आधारभूत सुविधाओं की कमी को पूरा करना है। इससे लगभग 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ मिलेगा। समाचार कक्ष से कनकलता।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह साल पूरा होने पर पीआईबी की ओर से नवादा में चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया। इस अवसर पर नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने चित्र प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप की विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को आज पटना में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षक और सहायक प्रशिक्षकों को दस–दस लाख रूपये और सपोर्टिंग स्टॉफ को पांच–पांच लाख रूपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

---

बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने राहुल गांधी के जेनरेशन–जेड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने जनता के सामने सच्चाई सामने

रखी है। श्री खान ने कहा कि भुखमरी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं का सामना कर रहे युवाओं के हित में बात करना विपक्ष का हक है।

———बाइट———

———————————————————————————

राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि महागठबंधन पूरी एकजुटता से बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगा। श्री तिवारी ने आज पटना में कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन में कोई विवाद नहीं है।

———बाइट———

———————————————————————————

गयाजी में चल रहा पितृपक्ष मेला इक्कीस सितम्बर को समाप्त हो रहा है। इस मेले में बिहार सहित देश–विदेश से श्रद्धालु अपने पितरों के पिंडदान के लिए पहुंच रहे हैं। इधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल बिहार का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति गयाजी स्थित श्री विष्णुपद मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मोतिहारी, बेतिया, पटना और खगड़िया में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, किशनगंज और बेगूसराय सहित कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – जीएसटी की दरों में कमी से ट्रैक्टर और अन्य मशीनें काफी सस्ती हो जायेंगी।

03. निर्वाचन आयोग ने छह सालों से चुनाव नहीं लड़ने वाली चार सौ चौहत्तर पार्टियों को राजनीतिक दलों की सूची से हटाया।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप की विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों को दस–दस लाख रूपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।